ओपन-हार्ट सर्जरी के लिये एक व्यवहार्य विकल्प

drishtiias.com/hindi/printpdf/a-viable-alternative-to-open-heart-surgery

चर्चा में क्यों?

नए शोध के अनुसार, एक खराब हो चुके हृदय वाल्व को बदलने के लिये हृदय रोग विशेषज्ञों (Cordiologists) द्वारा रोगी की कमर से एक यांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से वाल्व का प्रत्यारोपण किया जाता है।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रक्रिया का नाम ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (Transcatheter Aortic Valve Replacement-TAVR) है। इसके ज़रिये उन रोगियों के खराब हो चुके हृदय वाल्व को बदला जा सकता है जिनमें ओपन हार्ट सर्जरी आवश्यक होती है।
- दो बड़े क्लिनिकल ट्रायल में यह देखा गया है कि TAVR युवा और स्वस्थ रोगियों के लिये भी उपयोगी है।
- यह तकनीक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में स्ट्रोक और मौत के जोखिम को कम करने में बेहतर हो सकती है। हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि यह संभवतः एओर्टिक वाल्व के साथ अधिकांश रोगियों की देखभाल के मानक को बदल देगा।
- ओपन-हार्ट सर्जरी में रोगी की पसलियों को अलग कर दिया जाता है और नए एओर्टिक वाल्व के प्रत्यारोपण के लिये हृदय को बंद कर दिया जाता है जबकि TAVR की प्रक्रिया में कमर में एकमात्र चीरा लगाया जाता है जहाँ पर कैथेटर को डाला जाता है।
- लगभग 60,000 मध्यम और उच्च जोखिम वाले रोगियों के अलावा वर्ष में 20,000 से अधिक मरीज़ TAVR के लिये पात्र होंगे। उम्मीद है कि फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन से इस प्रक्रिया को जल्द मंज़ूरी मिलेगी।

स्रोत : द हिंदू